कौटिल्य एकेडमी
www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II
/kautilyaacademy

# डेली करंट अफेयर्स

## 16 May 2024





FREE DEMO SESSIONS AVAILABLE ON THE APPLICATION
कौटिल्य एकडमी
IAS · IPS · MPPSC · CJ II
हिंदी मध्यम
MPPSC 2025
एकलव्य बैच
PRE + MAINS
1 साल का कम्पलीट कोर्स
NEW SYLLABUS
ONLINE CLASS
कौटिल्य एकडमी
IAS · IPS · MPPSC · CJ II
ENGLISH MEDIUM
MPPSC 2025
TARGET BATCH
PRE + MAINS
1 YEAR COMPLETE COURSE
NEW SYLLABUS
ONLINE CLASS
DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APPLICATION FROM PLAYSTORE
SCAN THE QR CODE
GET IT ON Google Play
CONTACT US FOR MORE INFORMATION ON GIVEN NUMBER +91-9425068121 OR +91-9893929541

# YouTube Sessions


**For all students preparing for MPPSC 2024, we are conducting free sessions on Youtube daily**













**Dowload Kautilya Academy App to get Antim Prahar online class PDF**

Subscribe & Follow Us:

Scan the QR Code to download the App

GET IT ON Google Play

कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II

# प्रवेश प्रारंभ

## UPSC (IAS-IPS) MPPSC, CJ II

**NEW BATCHES STARTING**

- UPSC
- IAS
- IPS
- MPPSC
- CGPSC
- UPPCS
- RAS
- CJ-II
- NDA-CDS
- MPSI
- SSC
- BANK
- RAILWAY
- RANGER
- SAMVIDA
- VYAPAM

Graduate/ PG

**1 वर्षीय कोर्स**

(Graduate/ PG) के बाद 1 वर्ष का कोर्स

After 12th

**संकल्प**

12वीं के बाद 3 वर्ष का कोर्स

After 10th

**संरचना**

10वीं के बाद 5 वर्ष का कोर्स

Subscribe & Follow Us:

Scan the QR Code to download the App

GET IT ON Google Play

# 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड सूची' :


- रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन को "यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर" (UNESCO's Memory of the World Asia-Pacific Regional Register) में शामिल किया गया है।



- यह भारत के लिए गौरव का क्षण है, देश की समृद्ध साहित्यिक विरासत और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि है।
- "यूनेस्को-मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड-एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर" में 20 साहित्यिक कृतियां शामिल की गईं हैं।
- इन कृतियों को सूची में शामिल करने का निर्णय मंगोलिया के उलानबाटर में आयोजित मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (MOWCAP) की 10वीं बैठक में लिया गया।


## रामचरितमानस :

- इसकी रचना 16वीं शताब्दी में गोस्वामी तुलसीदास ने की थी।
- यह अवधी भाषा में लिखा गया एक महाकाव्य है, जिसमें सात कांड हैं।
- इसमें रामायण से जुड़ी हुई घटनाओं का काव्यात्मक रूप से वर्णन किया गया है।



## पंचतंत्र :

- यह आचार्य विष्णु शर्मा द्वारा संस्कृत में रचित एक विख्यात ग्रंथ है।
- यह जीवंत भारतीय दंतकथाओं के सबसे पुराने संग्रहों में से एक है।
- यह पांच भागों से मिलकर बना है। इस ग्रंथ की सबसे अनोखी विशेषता "कहानी के भीतर कहानी" की प्रस्तुति है।



## सहृदयालोक-लोकन :

- यह आचार्य आनंदवर्धन द्वारा संस्कृत में लिखित और भारतीय काव्यशास्त्र की एक कालजयी रचना है।
- दार्शनिक अभिनव गुप्त ने इस पर एक भाष्य लिखा है।



## मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड (MoW) कार्यक्रम :

- इसे 1992 में शुरू किया गया था।
- इसमें तीन तरह के रजिस्टर शामिल हैं- अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय रजिस्टर।
- अंतर्राष्ट्रीय रजिस्टर में भारत की कई कृतियां या पांडुलिपियां शामिल हैं, जैसे- तमिल मेडिकल मैन्युस्क्रिप्ट कलेक्शन, शैव पांडुलिपियां, ऋग्वेद, आदि।



## मुख्य लक्ष्य :

- विश्व भर के दस्तावेजी विरासत को सुरक्षित रखना,
- इन दस्तावेजी विरासत तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना, और
- दस्तावेजी विरासतों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना।

# चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत-ईरान के बीच हुआ समझौता :

- भारत ने हाल ही में ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए।



- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शाहिद बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल, चाबहार के विकास के लिए दीर्घकालिक मुख्य अनुबंध के हस्ताक्षर समारोह का साक्षी बनने के लिए 13 मई 2024 को चाबहार, ईरान का दौरा किया।
- यह कॉन्ट्रैक्ट इंडिया पोर्ट ग्लोबल लिमिटेड (IPGL) और ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन (Ports and Maritime Organization) के बीच किया गया है।
- इस महत्वपूर्ण समझौते के बाद अब ईरान का चाबहार बंदरगाह अगले दस सालों तक भारत का हो गया है।
- भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App

www.kautilyaacademy.com

## चाबहार बंदरगाह :

- यह ईरान के दक्षिण-पूर्वी भाग में मकरान तट पर होर्मुज जलडमरूमध्य के आगे ओमान की खाड़ी के किनारे स्थित है।मकरान तट, ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है।
- यह सीधे समुद्री क्षेत्र तक पहुंच सुनिश्चित करने वाला ईरान का एकमात्र डीप-सी पोर्ट है।
- चाबहार बंदरगाह परियोजना में दो टर्मिनल हैं यानी शाहिद बेहिश्ती और शाहिद कलंतरी।
- चाबहार बंदरगाह प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) का हिस्सा है।



# अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) :

- 7,200 किलोमीटर लंबी एक मल्टी-मॉडल परिवहन परियोजना है।
- यह परियोजना हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान से होते हुए कैस्पियन सागर से जोड़ती है। इसके आगे यह रूस में स्थित सेंट पीटर्सबर्ग के जरिए उत्तरी यूरोप को भी जोड़ती है।




## भारत के लिए महत्त्व :

- पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को संतुलित करने में सहायक है।
- चाबहार बंदरगाह के चलते अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक भारत की आसान पहुंच सुनिश्चित होगी।
- भारत के पश्चिमी तट यानी कांडला बंदरगाह (गुजरात) से चाबहार तक आसानी से पंहुचा जा सकता है। गौरतलब है कि इन दोनों के बीच की दूरी केवल 550 समुद्री मील है।
- यह छोटा परिवहन मार्ग यूरोपीय देशों के साथ भारत की व्यापार क्षमता को और बढ़ाने में भी सहायता करेगा।

# ग्रीन हाइड्रोजन :

हाल ही में, भारत ने नीदरलैंड के रॉटरडैम में विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन 2024 में पहली बार ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में देश की प्रगति को प्रदर्शित करते हुए अपना मंडप स्थापित किया है।



- इसका उद्घाटन 12 मई, 2024 को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिंदर एस. भल्ला ने किया था।
- ग्रीन हाइड्रोजन एक प्रकार की हाइड्रोजन गैस है जो जीवाश्म ईंधन के बजाय पवन या सौर ऊर्जा जैसे ऊर्जा के स्वच्छ और नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग करके उत्पादित की जाती है।
- इसे "हरित/ग्रीन " इसलिए कहा जाता है क्योंकि जब यह बनता है तो हानिकारक ग्रीनहाउस गैसें नहीं छोड़ता है।
- ग्रीन हाइड्रोजन का मुख्य उद्देश्य जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा को नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित हरित हाइड्रोजन से प्रतिस्थापित करके वैश्विक उत्सर्जन को कम करना है।

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App

www.kautilyaacademy.com

- ग्रीन हाइड्रोजन शून्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे स्थिरता को बढ़ावा मिलता है।
- यह नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित होता है, जो शून्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करता है।
- ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसर उत्पन्न करता है।
- ग्रीन हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन-आधारित उर्वरकों की जगह कार्बन-मुक्त ग्रीन अमोनिया का उत्पादन कर सकता है।

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App
www.kautilyaacademy.com

- इसका उपयोग अलवणीकरण संयंत्रों को बिजली देने, खारे पानी को मीठे पानी में परिवर्तित करने, मीठे पानी के संसाधनों को संरक्षित करने के लिए किया जाता है।
- यह शून्य उत्सर्जन करता है और लंबी दूरी की यात्रा के लिए सुविधाजनक है।
- भारत ने वर्ष 2030 के अंत तक पांच मिलियन मीट्रिक टन की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ 4 जनवरी, 2023 को अपना राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया।

# डिजिलॉकर:

- ICSE 10वीं और ISC 12वीं की का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही इस बार डिजीलॉकर के माध्यम से मार्कशीट और प्रमाण पत्र को छात्र सहजता से प्राप्त कर सकते हैं।



➔ काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने एक अग्रणी डिजिटल परिवर्तन पहल करते हुए डिजीलॉकर प्लेटफॉर्म के माध्यम से 2024 के लिए ICSE (दसवीं कक्षा) और ISC (बारहवीं कक्षा) परीक्षा परिणाम डिजिटल रूप से घोषित करने के लिए डिजीलॉकर प्लेटफॉर्म का सहयोग लिया है।



## डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म :

- इसे 2015 में लॉन्च किया गया था।
- यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है।
- इसे डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू किया गया था।
- यह डिजिटल तरीके से दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों को जारी करने व सत्यापित करने के लिए एक सुरक्षित क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म है।
- ये डिजिटल दस्तावेज भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 के तहत कानूनी रूप से वैध दस्तावेज हैं।
- IT नियम, 2016 के अनुसार, इन दस्तावेजों को मूल भौतिक दस्तावेजों के समान माना जाता है।



# M C Q

# QUESTIONS

Q सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत का सर्वश्रेष्ठ संस्थान कौन बना है?

A. IIT बॉम्बे

B. IIT इंदौर

C. IIM अहमदाबाद

D. जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App Google Play
www.kautilyaacademy.com

Q हाल ही में किस भारतीय कंपनी ने सेंटर ऑफ एक्सलेंस में ह्यूमन सेंट्रिक एआई सेंटर स्थापित किया है?

A टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज

B विप्रो

C इंफोसिस

D एचसीएल टेक्नोलॉजीज

**Q** 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में पाम डी'ओर कैटेगरी में भारत की किस फिल्म को प्रदर्शित किया जाएगा?

(A) सिंघम

(B) फाइटर

(C) ऑल वी इमैजिन एज लाइट

(D) वेलकम टू द जंगल

**Q** चंद्रमा के लिए "फ्लेक्सिबल लेविटेशन ऑन ए ट्रैक (FLOAT)" नामक परियोजना पर कौन सी अंतरिक्ष एजेंसी काम कर रही है?

(A) ISRO

(B) NASA

(C) JAXA

(D) CNSA

**Q** यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर के 2024 चक्र में कौन सी भारतीय सांस्कृतिक वस्तुओं को शामिल किया गया है?

(A) पंचतंत्र

(B) रामचरितमानस

(C) सहृदयालोक-लोकन

(D) सभी सही

**Q** पेरिस, ओलंपिक 2024 के लिए कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष रेसलर कौन बने है?

(A) बजरंग पुनिया

(B) सुशील कुमार

(C) योगेश्वर दत्त

(D) अमन सहरावत

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App Google Play

Q वर्ल्ड हाइड्रोजन समिट 2024 का आयोजन किस देश में आयोजित किया गया है?

(A) नीदरलैंड

(B) जापान

(C) अमेरिका

(D) चीन

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App Google Play
www.kautilyaacademy.com

**Q** हाल ही में सुशील कुमार मोदी का निधन हो गया है वह कौन थे?

A. बिहार के विधानसभा अध्यक्ष

B. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री

C. बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री

D. बिहार के राज्यपाल

**Q** भारत के 85वें शतरंज ग्रैंडमास्टर कौन बने हैं?

A. प्रणेश एम

B. पी श्यामनिखिल

C. सयांतन दास

D. आदित्य सामंत

For Notes and video Lectures Download
Kautilya Academy App
www.kautilyaacademy.com

# THANK YOU!